प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन

पंतनगर। 07 सितम्बर 2022। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों से विद्यार्थियों का नामी कम्पनियों में चयन हो रहा है। इसी श्रृंखला में मैक्केन 1998 से कृषि अनुसंधान एवं विकास और भारत में जमें हुए खाद्य बाजार के विकास में मैक्केन फूड्स लिमिटेड पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी है। यह कम्पनी अहमदाबाद, गुजरात में आलू प्रसंस्करण कारखाना संचालित करता है इस कारोबार को आगे बढानें के लिए विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के माध्यम से विश्वविद्यालय की आकांक्षा गजौला, एमएससी प्लांट पैथोलॉजी का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थी को प्रशिक्षण के उपरान्त लगभग रू. 8 लाख वित्तीय तथा अन्य सुविधाए प्रतिवर्ष देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासो की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थी को शुभकामनाएं दी है। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक, डा. दीपा विनय ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी तथा बताया कि इसी प्रकार अन्य क्षेत्रों में भी यह निदेशालय प्रयासरत है तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सफलता की कामना करता है।

आकांक्षा गर्जोला।